## जैक ने जारी किया 10वीं-12वीं की परीक्षा का डेट शीट

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने सोमवार को बोर्ड परीक्षा शेड्यूल को जारी कर दिया है। जैक ने 2025 में होने वाली 10वीं और 12वीं क्लास की बोर्ड परीक्षा की तय डेट शीट को जारी किया है। शेड्यूल के अनुसार परीक्षा 11 फरवरी से शुरू होगी और अंतिम परीक्षा 3 मार्च को होगी। पहले दिन (11 फरवरी) को 10वीं के लिए आईटी और 12वीं के बच्चों के लिए वोकेशनल का पेपर तय की गयी है। बोर्ड की परीक्षाएं दो शिफ्ट में कंडक्ट करायी जा रही हैं। 10वीं बोर्ड के लिए सुबह की पाली 9:45 से 1:00 बजे तक रहेगी। वहीं, 12वीं क्लास के बच्चों के लिए बोर्ड परीक्षाएं दूसरी पाली यानी दोपहर 2:00 बजे से सायं 5:15 तक आयोजित की जायेगी।

### समीक्षा बैठक में नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने अफसरों को दिये निर्देश

# सिवरेज सिस्टम बनाने की योजना तैयार करें

- **सभी 49 नगर निकायों में सिवरेज सिस्टम बनाने के लिए अलग अलग निकायों का नक्शा तैयार कर डीपीआर बनवाया जाये**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**राची।** विभागीय समीक्षा बैठक में नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी 49 नगर निकायों में सिवरेज सिस्टम बनाने के लिए अलग-अलग निकायों का नक्शा तैयार कर डीपीआर बनवाया जाये। जैसे जैसे राशि उपलब्ध होगी प्राथमिकता के आधार पर सिवरेज सिस्टम का निर्माण कराया जाये। सभी प्रस्तावों को सरकार के समक्ष रखते हुये आवश्यकता बताकर राशि के लिए संतुष्ट किया जायेगा। यह भी देखा जाये कि कौन कौन से निकाय अभी अम्रुत या किसी अन्य योजना से आच्छादित है कि नहीं। मंत्री ने प्रधान सचिव सुनील कुमार से कहा कि वर्तमान में अधिकांश शहरों में नालों को गंदा पानी प्रवाहित हो रहा है। स्वच्छ भारत मिशन, अम्रुत एवं अन्य योजनाओं के सहारे छोटे पैमाने पर प्रस्ताव तैयार कर काम किया जाये जिससे नालों एवं अन्य गंदे पानी का शोधन कर नदियों में प्रवाहित किया जाये। इसके लिए सर्वोत्तम उपाय है कि हर शहर में सिवरेज सिस्टम लागू किया जाये।



**तोपचांची का सौंदर्यीकरण होगा :** मंत्री ने कहा कि तोपचांची झील राज्य का प्रमुख पर्यटन केंद्र है। वहां मध्यम वर्ग के अधिक पर्यटक आते हैं। ऐसे पर्यटकों को ध्यान में रखते हुये सौंदर्यीकरण की योजना तैयार की जाये। योजना से संबंधित डीपीआर उन्हें उपलब्ध कराया जाये। वे पर्यटन विभाग से राशि उपलब्ध करा देंगे। गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट और पर्यटन से संबंधित आधारभूत संरचना तोपचांची झील के लिए बनायी जाये। बोटिंग और जलक्रीड़ा के संसाधन भी डीपीआर में समाहित किया जाये। मंत्री ने सभी नगर निकायों में मानव संसाधन के बारे में भी जानकारी ली। कहा कि मानव संसाधन के कारण किसी भी नगर निकाय का काम प्रभावित नहीं होना चाहिए। रिक्तियों की सूचना विभाग को उपलब्ध करायी जाये ताकि नियुक्तियां की जा सकें।

प्रधान सचिव सुनील कुमार ने मंत्री को बताया कि ग्रेटर रांची डेवलपमेंट एरिया से सटे नया सराय रेलवे क्रासिंग रोड के समानांतार फोरलेन नयी विधानसभा के पास से बनाये जाने का प्रस्ताव है जिससे पूरे धुर्वा इलाके से सीधे रिंग रोड आसानी से सफर किया जा सकेगा। प्रधान सचिव ने यह भी बताया कि रांची शहर से सटे आसपास के क्षेत्रों में भवन निर्माण नियमावली बनाने का निर्देश रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार को दिया गया है ताकि बेतरतीब ढंग से हो रहे विकास पर नियंत्रण लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि सभी नगर निकायों से सड़क सुदृढीकरण की रिपोर्ट मंगवायी गयी है। पथ निर्माण विभाग के सहयोग से सभी शहरों की सड़को सुधारा जायेगा। जल्द ही ई-बस और स्ट्रीट लाइट की समस्या के समाधान का उपाय कर दिया जायेगा। मंत्री की समीक्षा बैठक में सुडा निदेशक अमित कुमार, डीएमए निदेशक सत्येंद्र कुमार और जुडको के पीडीटी गोपालजी ने प्रधान साचिव सुनील कुमार के प्रस्तुतिकरण में सहयोग किया।

## खबर एक नजर में

### नेशनल वॉर मेमोरियल में युद्ध नायकों को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** सोमवार को नेशनल वॉर मेमोरियल में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के नायकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी शूरवीरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

### राज्यपाल से मिले रिम्स निदेशक, रिम्स को डिम्ड यूनिवर्सिटी में अपग्रेड करने पर चर्चा



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को रिम्स के निदेशक डॉ राजकुमार ने राज भवन में भेंट की। मौके पर निदेशक, रिम्स ने राज्यपाल से रिम्स को डीम्ड यूनिवर्सिटी में अपग्रेड करने के विषय पर चर्चा की।

### राज्यपाल से मिलकर रिम्स की डॉक्टर डॉ दिव्या सिंह ने बतायी नियुक्ति प्रक्रिया की त्रुटियां

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को डॉ दिव्या सिंह (शिशु रोग विशेषज्ञ) रिम्स ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल को अपनी स्वरचित पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर डॉ सिंह ने राज्यपाल को अवगत कराया कि रिम्स द्वारा किए जा रहे नियुक्ति प्रक्रिया में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है।

### राज्यपाल से ट्रेड यूनियनों को पुनः मान्यता दिलाने का आग्रह

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को एआईटीयूसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्यासागर गिरि एवं अन्य प्रतिनिधियों ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर श्री गिरि ने बताया कि झारखंड के कई ट्रेड यूनियनों को अविभाजित बिहार सरकार द्वारा रद्द कर दिया गया था, लेकिन पटना उच्च न्यायालय ने इस आदेश को अनुचित बताते हुए निरस्त कर दिया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से श्रम एवं नियोजन विभाग द्वारा इन ट्रेड यूनियनों को पुनः मान्यता प्रदान करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### गवर्नर को मिला पूर्व सैनिक महासम्मेलन का आमंत्रण

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को कर्नल एआर सिन्हा (सेवानिवृत), अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, झारखंड के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल को आगामी 11-12 जनवरी, 2025 को आयोजित होने वाले पूर्व सैनिक महासम्मेलन में आमंत्रित किया।

### झाप्रसे अधिकारी प्रभात कुमार निलंबन मुक्त, अधिसूचना जारी

**रांची।** राज्य सरकार ने प्रभात कुमार (झाप्रसे), जो वर्तमान में प्रमण्डलीय आयुक्त के कार्यालय में कार्यरत थे, को निलंबन से मुक्त कर दिया है। प्रभात कुमार को पहले भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जामताड़ा के पद पर योगदान नहीं करने के कारण निलंबित किया गया था। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

### प्रशिक्षित हस्तशिल्पियों के बीच टूल-किट्स का वितरण



**रांची।** छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी हवाई नगर के द्वारा सोमवार को प्रशिक्षत हस्तशिल्पियों के बीच उन्नत टूल-किट्स का वितरण किया गया। इस मौके पर 50 प्रशिक्षित हस्तशिल्पियों के बीच टूल-किट्स का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एस.के.जहांगीरदार, विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, गौतम सिंह, महाप्रबंधक, नाबार्ड ने हस्तशिल्पियों के बीच किट्स का वितरण किया। इस मौके पर संस्था के सचिव विभु चौधरी तथा सीईओ अरिंदम चौधरी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। वहीं स्वागत भाषण में विभु चौधरी ने कहा कि संस्था विगत 29 वर्षों से झारखंड राज्य के गरीब हस्तशिल्पियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु प्रशिक्षण, उत्पादन तथा विक्रय व्यवस्था करती आ रही है। संस्था द्वारा विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली, राष्ट्रीय नाबार्ड, जूट बोर्ड, भारत सरकार, उद्योग विभाग, झारखंड सरकार, ग्रामीण विकास विभाग, खादी बोर्ड, इत्यादि की सहायता से भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों में लगने वाले हस्तशिल्प मेला में भाग लेकर हस्तशिल्पियों को नि:शुल्क स्टॉल उपलब्ध करवा कर इनके विक्रय में सहायता कर रही है एवं इसी विभाग की सहायता से उद्योग विभाग द्वारा प्रशिक्षित बांस हस्तशिल्पियों को आज नि:शुल्क टूलकीट्स का वितरण किया जा रहा है। मुख्य अतिथि एस.के. जहांगीर ने कहा कि टूलकिट्स प्राप्त करने क बाद अपने उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ सामानों को गुणवत्ता के साथ तैयार करें ताकि रोजगार प्राप्त हो सके।

# नामकुम में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज पर डीसी ने दी सफाई



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सोमवार को नामकुम सदाबहार चौक के पास प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर प्रशासन ने लाठी चार्ज किया। जिसे लेकर रांची डीसी ओर एसएसपी ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि 16 दिसंबर से जेएसएसी-सीजीएल के सफल उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन किया जाना था। उन्हें सूचना मिली कि कुछ उम्मीदवारों को उनका डॉक्यूमेंट फाड़ने और जेएसएससी कार्यालय में प्रदर्शन होने वाला है। जिसे लेकर एसडीओ ने परिसर में धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी की।

सोमवार को जब डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन कार्य चल रहा था, तब नामकुम बाजार से सदाबहार चौक तक 200 की संख्या में प्रदर्शनकारी पहुंचे थे, जिनका नेतृत्व देवेंद्र महतो कर रहे थे। वहां मौजूद दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी द्वारा समझाने के बाद भी सड़क जाम और डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के लिए आ रहे छात्रों को प्रभावित कर रहे थे। जिसके बाद प्रशासन ने हल्का बल प्रयोग किया। साथ ही देवेंद्र महतो और उनके दो साथी मधु रजक और मनोज महतो को हिरासत में लिया गया।

### विधि व्यवस्था प्रभावित होगी तो नियमसंगत कार्रवाई होगी : एसएसपी

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि बल प्रयोग से पहले प्रदर्शनकारियों से गिरफ्तारी देने के बारे में पूछा गया, लेकिन उन्होंने हंगामा किया। उन्होंने बताया पूर्व में जेएसएससी कार्यालय में जो प्रदर्शन हुई थी उसमें भी इन प्रदर्शनकारियों की संलिप्ता की छानबीन की जा रही है। उन्होंने कहा कि तथ्य और साक्ष्य अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि कोई भी हिंसक प्रदर्शन नहीं करें।

### हो-हंगामा और लाठी चार्ज के बीच सीजीएल अभ्यर्थियों का चला वेरिफिकेशन

**रांची।** एक ओर जहां सीजीएल परीक्षा को लेकर पूरे राज्य में अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जेएसएससी परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का पेपर वेरिफिकेशन शुरू कर दिया है। इसी के विरोध में सोमवार को जेकेएलएम के बैनर तले अभ्यर्थियों ने आंदोलन किया। विरोध में पुलिस प्रशासन ने लाठी चार्ज किया। इसमें देवेंद्र समेत अन्य कई लोगों को गंभीर चोटें आयी है।

## मनरेगा कर्मियों की मांग जल्द पूरी होगी : दीपिका पांडे




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश सोरेन के नेतृत्व में मनरेगा कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे से मुलाकात की। संघ ने मंत्री को बताया कि पूर्व में मंत्री स्तरीय एवं विभागीय स्तरीय वार्ता 8 जुलाई 2024 को विभाग में संपन्न हुई थी। बैठक में बनी सहमति आज तक लंबित है। उस बैठक में ग्रेड पे के समतुल्य मानदेय बढ़ोतरी, स्वास्थ्य बीमा, अनुकंपा का लाभ, मूल मानदेय में 70% के बढ़ोतरी, 20 लाख का बीमा दुर्घटना इत्यादि पर सहमति बनी थी, जो आज तक मांग लंबित और अधूरी है।

मनरेगा कर्मचारी संघ लगातार विभागीय सचिव, मनरेगा आयुक्त एवं विभागीय मंत्री से वार्ता करते आ रहे हैं। इसके बावजूद भी हमारी मांगे आज तक लंबित होना मनरेगा कर्मचारियों के लिए निराशाजनक प्रतीत हो रही है। झारखंड में गठबंधन की नई सरकार बनी है।

संघ के महेश सोरेन ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने उनकी बात विस्तार से सुनी और यह भरोसा दिया कि उनके कार्यकाल में बहुत जल्द सबों की लंबित मांगें पूरी होंगी।

## बीएयू के विद्यार्थियों ने स्टार्टअप प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर बढ़ाया गौरव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी महाविद्यालय के चार छात्र-छात्राओं की टीम ने 'सांभ्रम 5.0' के अंतर्गत आयोजित स्टार्टअप प्रतियोगिता प्रारंभ में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खाद्य और कृषि व्यवसाय सम्मेलन था। इसे नोएडा के इंपीरियल स्कूल ऑफ एग्री बिजनेस में आयोजित किया गया था। टीम बिरसाइंस में शामिल बिजू रॉय, सुमित कुमार, लक्ष्मी कुमारी और कल्पना कुमारी ने अपने अभिनव विचार और उत्कृष्ट प्रस्तुति से जजों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में 84 टीमों में से 13 टीमों ने अंतिम चरण में भाग लिया। टीम के विचार को विशेष रूप से स्काईफाई सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और संस्थापक राहुल लखमानी द्वारा सराहा गया। टीम को उत्कृष्टता प्रमाणपत्र और15,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रमुख संस्थानों ने हिस्सा लिया था। टीम ने यह उपलब्धि वानिकी महाविद्यालय के शिक्षक डॉ एके चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में हासिल की। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे, वानिकी संकाय के डीन डॉ एमएस मलिक तथा डीएसडब्ल्यू डॉ बीके अग्रवाल ने इस उपलब्धि के लिए टीम को बधाई दी है।

# प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव आड्रे हाउस में आयोजित

- **प्रमंडल के पांच जिला के लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार और नेहरू युवा केंद्र रांची के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप सहायक समाहर्ता आदित्य पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि परियोजना पदाधिकारी डॉ ॠतू राज, शिक्षाविद कमल बोस उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमंडल के पांच जिला जिसमें रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा के जिला स्तर युवा उत्सव पर प्रथम विजेताओं, लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में लोहरदगा की राधिका कुमारी, कहानी लेखन में रांची के शिवम कुमार प्रजापति, विज्ञान मेला में सिमडेगा जिला की टीम, सामूहिक लोकगीत में रांची की निशा रानी समूह, एकल गीत में रांची के अजय महतो, कविता लेखन में गुमला की दीपिका कुमारी, एकल नृत्य में खूंटी के मनीष अलोक, समूह नृत्य खूंटी का संत जोसफ कॉलेज और पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता गुमला से तुषार पांडे थे।

सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया एवं सभी निर्णायक मंडली के सदस्यों को सम्मानित किया गया। प्रमंडल स्तरीय विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार, वीवाई एफ चेयरमैन गौरव अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक कौशल किशोर, पर्यटन विशेषज्ञ रौशन, जिला खेल समन्वयक आशीष बनर्जी, मुकेश समेत अन्य लोगों ने भूमिका निभाई।

# बीआईटी मेसरा में एडवांसेस इन मैटेरियल्स एंड केमिकल साइंसेज पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

- **शोध पर चर्चा के साथ झारखंड की संस्कृति और पर्यटन की मिलेगी जानकारी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीआईटी मेसरा में रसायन विभाग ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन : एडवांसेस इन मैटेरियल्स एंड केमिकल साइंसेज का आयोजन किया है। मैटेरियल्स रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से यह 18 से 20 दिसंबर तक होगा। बीआईटी मेसरा परिसर में आयोजित सम्मेलन में शोधकर्ता, अकादमिक विशेषज्ञ, उद्योग पेशेवर और छात्र शामिल होंगे। उन्नत सामग्री और रासायनिक विज्ञान में नवीनतम प्रगति का अन्वेषण करेंगे। वे शोध पर चर्चा करने के साथ झारखंड की संस्कृति और पर्यटन के बारे में भी जानेंगे। यह सम्मेलन मुख्य भाषण, पूर्ण सत्र,




आमंत्रित व्याख्यान और प्रस्तुतियों के माध्यम से ज्ञान-साझाकरण, सहयोगी अवसरों और उन्नत सामग्री व रासायनिक विज्ञान में अंत:विषय नवाचारों का मंच प्रदान करेगा।

सम्मेलन में प्रमुख अतिथि प्रोफेसर डॉ सुशांत बनर्जी, इंस्टीट्यूट चेयर प्रोफेसर, सेंट्रल रिसर्च फैसिलिटी (एमएसडी) के अध्यक्ष और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर में मैटेरियल्स साइंस सेंटर के पूर्व प्रमुख शामिल होंगे। बीआईटी मेसरा के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना इस सम्मेलन के संरक्षक हैं। सम्मेलन के आयोजन के लिए नेतृत्व करने वाली टीम में डॉ अशोक शरण, डीन ऑफ फैकल्टी अफेयर्स, बीआईटी मेसरा (अध्यक्ष), डॉ सुमित मिश्रा, हेड, रसायन विज्ञान विभाग (आयोजक), प्रो. प्रतीम चट्टराज, डिस्टिंग्विश्ड विजिटिंग प्रोफेसर (वरिष्ठ सलाहकार) और डॉ प्रदीप कर और डॉ बर्णाली दासगुप्ता घोष, रसायन विज्ञान विभाग, बीआईटी मेसरा (संगठन सचिव) शामिल हैं।

डॉ समित मिश्रा ने बताया कि सम्मेलन विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने का एक अनूठा मंच प्रदान करता है, जिसमें उन्नत सामग्री में नवीनतम शोध और विकास पर अंतर्दृष्टि प्राप्त की जा सकती है। प्रतिभागी मूल्यवान ज्ञान अर्जित करेंगे, सहयोगी अवसरों का पता लगाएंगे। इस क्षेत्र में नवीनतम रुझानों और नवाचारों को समझने के दायरे का विस्तार करेंगे। यह सम्मेलन सामग्री और रासायनिक विज्ञान में कार्यरत शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और छात्रों के साथ उन पेशेवरों के लिए एक अमूल्य अनुभव है। इसमें पेटेंट और स्टार्टअप पर भी चर्चा होगी। यूके, कनाडा, जर्मनी, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, हांगकांग सहित अन्य देश से विशेषज्ञ आएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रतिभागियों को झारखंड की खूबसूरत स्थलों के दर्शन भी कराए जाएंगे।

### सम्मेलन में इन विषयों पर होगी चर्चा

उन्नत पॉलिमर, उन्नत ग्लास और सिरेमिक्स, उन्नत मिश्रण और कंपोजिट्स, उन्नत बायोमटेरियल्स, उन्नत हरित सामग्री, उन्नत आणविक प्रणालियां, रासायनिक विज्ञान में प्रगति, ऊर्जा और कार्यात्मक सामग्री, उभरती और संकर सामग्री, अंत:विषय डोमेन में सामग्री और इंजीनियरिंग सामग्री पर चर्चा होगी।

## बीआईटी में मधुमेह घाव उपचार और उन्नत अनुसंधान पद्धतियों पर प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीआईटी मेसरा के फार्मास्युटिकल साइंसेज और टेक्नोलॉजी विभाग ने 16 दिसंबर, 2024 को विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड की वैज्ञानिक सामाजिक उत्तरदायित्व नीति के तहत एक दिवसीय अनुसंधान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शहद की विभिन्न किस्मों के माध्यम से एडेनोसिन मोनोफॉस्फेट - एक्टिवेटेड प्रोटीन किनेज, हाइपोक्सिया इंड्यूसिबल फैक्टर- और सूजन-संबंधी साइटोकिन्स की अभिव्यक्ति को नियंत्रित कर मधुमेह घाव उपचार की यांत्रिक अंतर्दृष्टि और हनी के सक्रिय घटकों की पहचान परियोजना के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीआईटी के डीन ऑफ पोस्टग्रेजुएट स्टडीज प्रो. संदीप सिंह सोलंकी, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, फार्मास्युटिकल साइंसेज और टेक्नोलॉजी विभाग श्रीमती पापिया मित्रा मजूमदार और सहायक प्रोफेसर (फार्मास्युटिकल साइंसेज और टेक्नोलॉजी विभाग) एवं परियोजना के मुख्य अन्वेषक डॉ बापी गोराईन ने किया। उनके साथ करीब 50 प्रतिभागियों की भागीदारी रही। इनमें अन्य संस्थानों के 10 शोधकर्ता भी शामिल थे।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को उन्नत अनुसंधान पद्धतियों के व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और मधुमेह घाव उपचार के लिए चिकित्सीय दृष्टिकोणों की गहन समझ विकसित करना था। कार्यक्रम में प्राकृतिक उत्पादों, विशेष रूप से शहद की चिकित्सीय क्षमता की जांच पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो आणविक और जैव रासायनिक मार्गों के माध्यम से मधुमेह घावों के उपचार को बढ़ावा देते हैं। चर्चा में एएमपीके, एचआईएफ और सूजन-संबंधी साइटोकिन्स जैसे प्रमुख अणुओं की भूमिका और घाव उपचार प्रक्रियाओं में योगदान देने वाले शहद के सक्रिय घटकों की पहचान पर जोर दिया गया। प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा दिए गए मुख्य भाषण और इंटरएक्टिव सत्रों ने ज्ञान के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित किया। सहयोगी अनुसंधान पहलों को प्रेरित किया और स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियों का समाधान करने में शैक्षणिक क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। यह पहल वैज्ञानिक सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के माध्यम से वैज्ञानिक नवाचार और सामाजिक लाभों के बीच पुल बनाने के महत्व को दर्शाती है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल समाधानों को अधिक सुलभ और प्रभावशाली बनाना है

**प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया :** प्रयोगात्मक चूहों पर घाव निर्माण, रक्त शर्करा स्तर की माप, उल्टे माइक्रोस्कोप का उपयोग करके हिस्टो पैथोलॉजिकल स्लाइड्स का अवलोकन और मूल्यांकन और 2डी जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस की तकनीक में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# महर्षि वाल्मीकि की तपो भूमि पर स्थापित होगी उनकी प्रतिमा

## अनावरण करेंगे मुख्यमंत्री



एजेंसी

**पश्चिम चम्पारण (बगहा)।** महर्षि वाल्मीकि की तपो भूमि वाल्मीकि नगर के हृदय स्थली गोल चौक में अब तक महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा स्थापित नहीं थी। वाल्मीकि की पावन धरती पर प्रतिदिन सैकड़ों देशी- विदेशी पर्यटक वाल्मीकिनगर घूमने आते हैं और यहां की प्राकृतिक सुंदरता के साथ भारत-नेपाल सीमा पर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम में दर्शन को जाते हैं, वे अब महर्षि वाल्मीकि के दर्शन का लाभ ले सकेंगे। श्रद्धालु और भक्तों की बरसों से बहू प्रतिक्षित मांग को वाल्मीकि नगर के युवा विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह के पहल पर जर्जर गोल चौक गोलंबर का जीर्णोद्धार के उपरांत आज अयोध्या से लाई गई 5 फीट ऊंची महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा ऊंचे चबूतरे पर रखी गई। काफी वजनी प्रतिमा को भक्तों के कड़ी मशक्कत से चबूतरे पर रखी गई। मूर्ति का अनावरण सीएम करेंगे। इस सन्दर्भ में जदयू के प्रखंड उपाध्यक्ष लड्डू शर्मा उर्फ बृजेश शर्मा ने बताया कि वाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह के सौजन्य से अब तक वाल्मीकि की प्रतिमा से महरूम वाल्मीकि नगर में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा स्थापित होने जा रही है। शीघ्र ही प्रतिमा का अनावरण विधि विधान से मुख्यमंत्री नितिश कुमार करेंगे। प्रतिमा को अयोध्या के श्रीराम कला केंद्र से लाया गया है। यह प्रतिमा सफेद संगमरमर की बनी हुई है। इस अवसर पर लड्डू शर्मा उर्फ बृजेश शर्मा, मिथुन कुमार आनंद कुमार सिंह मोनू सिंह ध्रुव यादव रंजन कुमार रविन्द्र यादव शिक्षक संतोष रौनियार सूरज पटेल आदि समेत दर्जनो श्रद्धालु व ग्रामीण उपस्थित रहें।

# सीमावर्ती बाजारों में बड़े पैमाने पर खपाए जा रहे चाइनीज लहसुन

**अररिया।** नेपाल से भारत इन दिनों चाइनीज लहसुन व पोपकोर्न की तस्करी बढ़ गई है।17 अक्टूबर को जहां जोगबनी हाट से 148 किलो चाइनीज लहसुन जब्त कर फारबिसगंज कस्टम के हवाले किया गया था।वही नेपाल के विराटनगर स्थित रोड शेष चौक के पास भारत के तरफ भेजे जाने के क्रम में 375 किलो चाइनीज लहसुन नेपाल पुलिस द्वारा जब्त किया गया था। सूचना है कि तस्कर खुली सीमा के खेत खलिहानों के रास्ते कैरियर की मदद से छोटी छोटी खेप बना कर भारतीय क्षेत्रों में लगातार भेज रहे हैं। इस वर्ष भारत के विभिन्न राज्यो मे लहसुन उत्पादन में कमी का फायदा सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय तस्कर गिरोह के द्वारा तीसरे देश से लहसुन मंगवा कर भारत मे भेजे जाने की बात से सुरक्षा में लगे अधिकारी भी इत्तेफाक रखते हैं। वही नेपाल भंसार कार्यालय के अनुसार,इस चालू आर्थिक वर्ष के अक्टूबर 2024 तक 3 अरब 13 करोड़ 71 लाख का लहसुन का आयात नेपाल में हुआ है, जबकि बीते वर्ष इसी अवधि तक 39 करोड़ 63 लाख का 3 हजार 89 टन लहसुन चीन से आयात नेपाल में हुआ था। वही आर्थिक वर्ष 2020-21 मे इसी अवधी में 31 करोड़ 78 लाख का 215 टन चाइनीज लहसुन नेपाल मे आयात हुआ था। उक्त तथ्यों से यह पता चलता है कि नेपाल में तीसरे देश से आयात होने वाले लहसुन की खपत अनाचन से बढ़ गई,जिसे सीमावर्ती बाजारों में खपाने की नियत से इंकार नहीं किया जा सकता। जोगबनी एसएसबी कैंप प्रभारी पशुपति कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य नाका पर एसएसबी काफी सतर्क है।

## श्रमिकों अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम होंगे

# सहयोग करना सरकार की प्राथमिकता : श्रम मंत्री संतोष

एजेंसी

**पटना।** राज्य के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने सोमवार को पटना में बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा (संशोधित) योजना-2024 के अंतर्गत छात्रवृति अनुदान वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम ही पूजा है। श्रमिकों के सपनों को पूरा करने में सहयोग करना सरकार की प्राथमिकता है।

मंत्री ने कहा कि प्रोत्साहन राशि के वितरण से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और वे अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम होंगे। साथ ही विभाग के जरिए अन्य वित्तीय सहायता का लाभ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राशि में वृद्धि की जायेगी, जिसके लिए मंत्री परिषद् से प्रस्ताव पर अनुमती प्राप्त करने की प्रक्रिया अपनायी जाये। मंत्री ने श्रमिक कल्याण योजना के लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। बिहार राज्य श्रम कल्याण समिति से संचालित बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना-2011 के तहत छात्रवृति के रूप में असंगठित क्षेत्र के कामगार एवं शिल्पकार के अधिकतम दो बच्चों को विभिन्न प्रकार के छात्रवृति अनुदान राशि भुगतान का प्रावधान है, जो राज्य के अंदर अध्ययनरत हैं। मंत्री के निर्देश पर इस योजना में संशोधन करते हुए बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा (संशोधित) योजना-2024 में कुल 2840 छात्र एवं छात्राओं के बीच 1,04,05,000 रुपये छात्रवृति के रूप में वितरित किया गया। इस राशि को मंत्री ने कार्यक्रम में छात्र-छात्रों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से वितरित किया। इसके तहत कक्षा 11वीं एवं 12 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्रा को प्रति वर्ष 2,500 रुपये की दर से एक मुश्त वार्षिक छात्रवृति, राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययनरत छात्र -छात्रा को प्रति वर्ष 5,000 रुपए की दर से एक मुश्त वार्षिक छात्रवृति और राज्य के सरकारी पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत छात्र-छात्रा का प्रति वर्ष 10,000 की दर से एक मुश्त वार्षिक छात्रवृति राशि देय है।



# अलग-अलग बाईक दुर्घटना में दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** बीती रात्रि दो अलग अलग जगहों पर हुए बाईक दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। जिन्हे घायलावस्था में भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए आयशा बीबी को गढ़वा रेफर किया। पहली घटना बेल पहाड़ी में घटित हुई जहां आयशा बीबी अपने पति हकीमुद्दीन अंसारी के साथ बाईक से यूपी से अपने घर लौट रही थी कि घर पहुंचने के कुछ ही दूरी पर बाईक से अनियंत्रित होकर गिरने से बेहोश गई।

जबकि दूसरी घटना भवनाथपुर पीएनबी बैंक के समीप राहुल कुमार पैदल सड़क पर जा रहा था जिसे एक अज्ञात चालक के द्वारा बाईक से धक्का लगने से एक पैर बुरी तरह चोटिल हो गया।

## खबर एक नजर में

### बिहार की प्रगति तब संभव है जब सभी विभाग मिलकर कार्य करें : केके पाठक

**पटना।** बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) की बिहार विजन डॉक्यूमेंट @2047 कार्यशाला को संबोधित करते हुए बिपार्ड के महानिदेशक केके पाठक ने टीमवर्क और सामूहिक दृष्टिकोण की महत्ता पर जोर दिया। साथ ही कहा कि यह कार्यशाला-2047 तक समृद्ध और विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बिहार की प्रगति तब संभव है जब सभी विभाग मिलकर सहयोगात्मक रूप से कार्य करें। डॉ बी राजेंद्र ने इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए कहा कि बिहार @ 2047 का विजन डॉक्यूमेंट प्रदेश की आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने के साथ विशिष्ट चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करेगा। हमारी यह सामूहिक कोशिश एक ऐसे भविष्य का निर्माण करेगी जो सतत, समावेशी और परिवर्तनकारी होगा। इस कार्यशाला में विभागों के बीच समन्वय और सहयोग को प्रोत्साहित करते हुए राज्य के विकास के लिए एकीकृत दृष्टि तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया गया। विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने 2047 तक विभागीय लक्ष्यों और रणनीतियों को प्रस्तुत किया। इसके साथ प्रदेश की प्रमुख विकासात्मक चुनौतियों को चिह्नित करते हुए राज्य में मौजूदा संसाधनों का उपयोग करने पर चर्चा की गई। सत्रों में रचनात्मक विचार-विमर्श और गतिविधियों के माध्यम से प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत दृष्टिकोण साझा किए और विकसित बिहार-2047 विषय पर टैगलाइन का सुझाव दिया। इस कार्यशाला में ग्रामीण विकास विभाग की ओर से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने विभाग की सामाजिक सशक्तिकरण और पर्यावरणीय स्थिरता पर केंद्रित विचार रखे। साथ ही कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल ने उन्नत कृषि उत्पादकता, नवाचारी पद्धति और प्रौद्योगिकी के समावेश के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और बिहार को कृषि व्यवसाय में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया।

### बैठक में मुख्य नाला निर्माण और काली मेला लगवाने पर बनी सहमति

**अररिया।** फारबिसगंज नगर परिषद के मुख्य पार्षद के कार्यालय कक्ष में सोमवार को सशक्त स्थायी समिति की बैठक चेयरमैन वीणा देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें चेयरमैन वीणा देवी के अलावा डिप्टी चेयरमैन नूतन भारती,कार्यपालक पदाधिकारी सूयानंद सिंह,सशक्त स्थायी समिति सदस्य मो.इस्लाम,गणेश गुप्ता,प्रभारी प्रधान सहायक कामख्या नारायण सिंह उर्फ कुंदन सिंह आदि ने भाग लिया। बैठक में गत बैठक को सम्पुष्टि के बाद मुख्य रूप से शहर में होने वाले जल जमाव की समस्या से निजात को लेकर जल निकासी हेतु वार्ड संख्या 24 में कोढ़ैली रोड मुख्य नाला से नेशनल इंपोरियम के बाउंड्री वाल तक मुख्य नाला निर्माण को लेकर गहन विचार विमर्श कर उसके निर्माण कार्य को लेकर सहमति बनी।वर्तमान समय में जल निकासी लोगों के निजी जमीन से हो रही है, जिससे जल निकासी वाले स्थल निजी जमीन पर मकान आदि निर्माण कार्य से आने वाले समय में जल निकासी की समस्या विकराल रूप ले सकती है।

### विहिप बजरंग दल उत्तर बिहार प्रांत के सुरक्षा प्रमुख बने कटिहार के अनीश सिंह

**कटिहार।** मुजफ्फरपुर में आयोजित एक दिवसीय उत्तर बिहार प्रांतीय बैठक में अनीश सिंह को उत्तर बिहार प्रांत सुरक्षा प्रमुख के दायित्व की घोषणा की गई। इस अवसर पर सुधांशु पटनायक - केंद्रीय मंत्री धर्म प्रसार प्रमुख, आनंद- क्षेत्र संगठन मंत्री, नागेंद्र समर्थ - प्रान्त संगठन मंत्री, संजीव सिंह - प्रान्त अध्यक्ष, राणा रणवीर सिंह - प्रान्त मंत्री, प्रकाश पांडेय - प्रान्त संयोजक, पंकज सिंह - प्रान्त सह संयोजक उपस्थित थे। अनीश सिंह ने अपनी नई जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए कहा कि वह कटिहार जिले से पहली बार प्रांतीय स्तर पर दायित्व प्राप्त करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं और विहिप बजरंग दल के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सोमवार को कटिहार पहुंचने पर अनीश सिंह का भव्य स्वागत किया गया, जिसमें विहिप बजरंग दल कटिहार के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मृत्यु के दहलीज पर से पुलिस और डाक्टरों ने सड़क पर पड़े युवक को वापस लाया

**पूर्णिया।** दुनिया के हर कोने में या हर विभाग में हर तरह के इंसान होते हैं। भले ही अच्छे इंसानों की कमी हो पर जितने हैं उतने ही इस सुषुप्तावस्था में पड़े समाज के लिए प्रेरणा, ऊर्जा और इंसानियत के लिए एक बड़ी मिशाल हैं। जब एक प्रशासनिक आईएएस अधिकारी ,एक महिला थाना प्रभारी ,एक सरकारी (जीएमसीएच) डॉक्टर और कोई प्राइवेट नर्सिंग होम के डॉक्टर एक साथ किसी की जान बचाने के लिए जिद्द कर दें और पैसे की अहमियत नहीं दें तो भगवान भी उसका साथ दे ही देंगे। वाक्या पूर्णिया के जिला स्कूल रोड की है जहां एक युवक सड़क किनारे बिल्कुल मृतप्राय अवस्था में गिरा था।

# मानस महायज्ञ की रजत जयंती को लेकर बैठक



संबोधित करते विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में मानस महायज्ञ की रजत जयंती को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने की। इस मौके पर 25वें मानस महायज्ञ को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि सतबहिनी भगवती के आशीर्वाद एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के अथक परिश्रम से मैं विधायक बना हूं। लिहाजा सतबहिनी झरना तीर्थ का सर्वोत्तमुखी सर्वांगीण विकास किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे विधानसभा क्षेत्र को इस तरह से विकसित किया जाएगा कि यह झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्र में नंबर एक क्षेत्र होगा। हालांकि अभी व्यवस्था में लगी हुई जंग को छुड़ाने में लगे हैं।

अभी तक उन्होंने सात में से पांच प्रखंडों में बैठक करके अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अच्छी तरह से समझा दिया है कि किसी भी कीमत पर गरीब गुरबों को कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। आय, निवास, जाति, जन्म मृत्यु आदि प्रमाण पत्रों के साथ सभी तरह के पेंशन एवं पीएम आवास तथा अबुआ आवास में रिश्वतखोरी वे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके लिए कानून सम्मत कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए मुझे बाध्य नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके स्वागत के लिए ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं है। आप आम जनता का स्वागत करें।

प्रखंड से लेकर अंचल कार्यालय एवं थाना में आम लोगों के साथ आदर पूर्वक व्यवहार करें एवं बिना दौड़ाए उनका काम तुरंत करें। सोमवार को पलामू डीसी के साथ उनकी बैठक है। जिनसे स्पष्ट पूछना है कि कार्यालय में व्याप्त घूसखोरी को आप समाप्त करेंगे या विधानसभा में मुझे सवाल उठाना पड़ेगा। आशा करता हूं कि इसमें सुधार होगा और मुझे इस मुद्दे को विधानसभा में नहीं उठाना पड़ेगा। बैठक के पहले विधायक के लिए कुर्सी लगाई गई थी। जिस पर बैठने से उन्होंने इन्कार करते हुए कहा कि मैं जो पहले था अभी भी वही हूं। लिहाजा मैं जनता के साथ फर्श पर बैठूंगा। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें मात्र दो महीने का समय दें। इस बीच में उन्हें परेशान नहीं करें। थोड़ा व्यवस्था सुधारने के लिए उन्हें समय दे दें। उसके बाद विकास की गाड़ी विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में जेट स्पीड से दौड़ेगी। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने कहा कि इस वर्ष समिति के तत्वावधान में होने वाले मानस महायज्ञ की रजत जयंती वर्ष है। इसी हिसाब से 25वें मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। विद्या कुंड अयोध्या धाम के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री प्रेम शंकर दास जी महाराज के नेतृत्व में इस यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जबकि औरंगाबाद के पंडित श्याम बिहारी वैद्य यज्ञाचार्य होंगे। वही श्रीधाम वृंदावन के पंडित विनोद गौरव शास्त्री संगीतमय पाठ के मानस आचार्य होंगे। कार्यक्रम के अनुसार 13 फरवरी को सतबहिनी झरना तीर्थ की विराट कलश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं 14 फरवरी को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं मंत्र शक्ति से अग्नि प्राकट्य के साथ महायज्ञ प्रारंभ हो जाएगा। इसके साथ 14 फरवरी से 22 फरवरी तक भारत के कई विशिष्ट मंचों से पधारने वाले विद्वान प्रवचन कताओं का प्रवचन होगा। प्रवचन का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से संध्या 6 बजे तक चलेगा। जबकि 23 फरवरी को महायज्ञ की महापुणार्हुति का भंडारा एवं संत विद्वानों तथा साधु महात्माओं की विदाई होगी। सचिव ने इस वर्ष के प्रवचनकताओं की सूची जारी करते हुए कहा कि अयोध्या धाम के महामंडलेश्वर श्री प्रेम शंकर दास जी महाराज, अयोध्या के ही बाल व्यास श्री अवधेंद्रप्रपन्नाचार्य जी महाराज, चित्रकूट की मानस विदुषी श्रीमती राजकुमारी जी एवं गुप्त काशी के मानस आचार्य सौरभ कुमार भारद्वाज के द्वारा प्रवचन प्रस्तुत किया जाएगा।

# देवी धाम मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं चहारदीवारी निर्माण की मांग



देवी धाम मंदिर परिसर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 स्थित मझिआंव खुर्द गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर देवी मंडप मंदिर का चहारदीवारी, सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालुओं के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

राधा कृष्ण मंदिर के बाल पुजारी श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में दिए गए आवेदन में कहा गया कि राधा कृष्ण बालिका विद्यालय के सामने ऐतिहासिक ब्रह्म स्थान के समीप देवी मंडप मंदिर के नाम से 11 डिसमिल अवस्थित जमीन पर आम आवाम एवं ग्रामीणों के सहयोग से देवी मंडप का निर्माण करा मां भगवती कि प्रतिमा स्थापित किया गया है। जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बन गया है। विगत एक वर्ष पूर्व मंदिर निर्माण के पश्चात उस मंदिर में ग्रामीण श्रद्धालुओं के द्वारा बड़े ही आस्था के साथ पूजा पाठ करने का सिलसिला शुरू हो चुका है। मंदिर परिसर में पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने मंदिर का चहारदीवारी के साथ ही सौंदर्यीकरण कराने की मांग की है।

ताकि स्वच्छ मझिआंव स्वास्थ्य मझिआंव एवं सुंदर मझिआंव की गरिमा पर चार चांद लगाया जा सके। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि जेई को एस्टीमेट बनाने का निर्देश दे दिया गया है। अभी नई सरकार की गठन हुई है। सरकारी फंड आने के पश्चात धीरे-धीरे देवी मंडप मंदिर का चहारदीवारी एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। आवेदन देने वालों में अगस्त तिवारी, सुदामा सिंह, वीना देवी, उमेश यादव, वीरेंद्र प्रसाद, बसंत शर्मा, नंदलाल सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, विनय कुमार दुबे, प्रदीप चंद्रवंशी, संत कुमार सिंह सहित सैकड़ो लोगों का नाम शामिल है।

## पेज एक का शेष

### बड़े शहरों में...

**इन शहरों में आवास की योजना :** आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने शहरों में आवास उपलब्ध कराने के लिए झारखंड हाउसिंग बोर्ड को तत्परता से योजना बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रांची, धनबाद , हजारीबाग ,देवघर , बोकारो एवं मेदिनीनगर में हाउसिंग कालोनी बनायी जानी है, इसके लिए संबंधित जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिख दिया गया है।

**जनशिकायत कोषांग :** नगर विकास मंत्री ने आम शहरियों के राहत देने के लिए हर नगर निकाय में जनशिकायत कोषांग का गठन करने की बात कही। इसके लिए टोल फ्री नंबर जारी किया जाये। शिकायत कर्ता को टोकन उपलब्ध कराया जाये और राइट टू सर्विस ( सेवा के अधिकार ) नियम के तहत शिकायतों के हल की समय सीमा निर्धाति की जाये। सभी नगर निकायों के बोर्ड भंग हैं, ऐसे में आम लोग शिकायतो को लेकर परेशान हैं।


**स्ट्रीट लाइट हर हाल में सुधारें :** मंत्री ने रांची में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुधारने के लिए निर्देश दिया। कितनी स्ट्रीट लाइट जल रही है और कितनी नहीं, इसका ब्यौरा तैयार करें। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट से संबंधित एक डैस बोर्ड बनाया जाये। डैस बोर्ड से स्ट्रीट लाइट के जलने और नहीं जलने की सूचना मिलती रहेगी। डैस बोर्ड से स्ट्रीट लाइट कर मानिटरिंग होती रहेगी। संभव हो तो स्ट्रीट लाइट को जीपीएस सिस्टम से टैग करें और रिमोट व्यवस्था लागू की जाये। इस रांची नगर निगम के प्रशासक श्री संदीप कुमार को विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

### संविधान विरोधी लोग...

सीतारमण की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए श्री खड़गे ने कहा कि भले ही उनकी भाषा अच्छी हो, लेकिन उनके कर्म अच्छे नहीं हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, मुझे उन्हें बताना होगा कि मैं भी पढ़ना जानता हूं। खड़गे ने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि झूठ बोलने से बेहतर है कि वह यह बताएं कि 11 साल में देश को और संविधान को मजबूत करने के लिए उन्होंने क्या किया है। पीएम मोदी अतीत में जीते हैं, वर्तमान में नहीं। बेहतर होता कि वह लोकतंत्र को मजबूत करने वाली वर्तमान उपलब्धियों को गिनाते। 11 साल में उन्होंने ऐसा कौन सा काम किया है, जिससे लोकतंत्र और संविधान मजबूत हुआ है। भाजपा देश के लोगों को मूर्ख बनाने के लिए जुमले दे रही है और हम पर आरोप लगा रही है। खड़गे ने आगे कहा कि जिन लोगों ने गरीबों को आर्थिक रूप से कुचल दिया, वह भी हमें आर्थिक मजबूती का पाठ पढ़ा रहे हैं।

## वोट लेने के लिए झूठे वादे किए गये थे

# झारखंड सरकार पर जनता के साथ वादा खिलाफी का आरोप



रामलाला दुबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार पर जनता के साथ वादा खिलाफी का आरोप लगाया है। श्री दुबे ने कहा कि चुनाव से पूर्व हेमंत सोरेन ने कहा था कि सरकार किसानों से 3200 रुपए क्विंटल धान खरीदेगी, हर महीना 11 तारीख को महिलाओं के खाते में 2500 रुपए देने के साथ साथ सस्ते दाम पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएगी। किंतु सरकार के सारे वादे झूठे निकले। श्री दुबे ने कहा कि हेमंत सोरेन द्वारा वोट लेने के लिए झूठे वादे किए गए थे। यदि सरकार चुनाव से पूर्व जनता से किया गया वादा पूरा नहीं करती है तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता माता - बहनों एवं किसानों के अपमान के विरुद्ध सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के महिलाओं को मईयां सम्मान के नाम पर जिस तरह से गुमराह किया गया है झारखंड की महिला इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगी। 16 दिसंबर बीत जाने के बावजूद भी अबतक किसी के खाते में 2500 रुपए नहीं आए हैं। वहीं किसानों के साथ भी धोखा किया।

# `गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता




उद्घाटन करते डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय व अन्य

**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन गोविंद हाई स्कूल के मैदान में सोमवार को डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, एसडीओ संजय कुमार पांडेय, संरक्षक अलख नाथ पाण्डेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं डीसी शेखर जमुआर ने बल्लेबाजी की। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कि जहां आप लोग खड़े हैं हम भी वही खड़े रहते थे और आज आप वहां हैं और हम यहां है। वहां से यहां आने में क्या करना होता है यह आपको जानने की जरूरत है। इसके लिए आपको अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपनी सफलता के लिए आपको संकल्प लेना होगा। अपने संकल्प को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करना होगा, तभी आप अपनी सफलता को हासिल कर सकते है। आज आप लोग भी संकल्प ले कि हम अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। आगे बढ़ने में संसाधन का अभाव मायने नहीं रखता है। आप अपने लक्ष्य के लिए कितनी मेहनत करते हैं यह मायने रखता है। जिंदगी में आप अनुशासित रहते हैं तो आप सफल अवश्य होंगे। उन्होंने कहा कि जिले में काफी संख्या में मैदान का निर्माण मनरेगा से किया गया है राशि की कमी नहीं है। अगर कहीं भी 200 मीटर बाई 200 मीटर का जगह खाली है तो आप बताये हम उसे गोल पोस्ट शौचालय और चेंजिंग रूम के साथ एक बेहतर मैदान बना कर देंगे। इसके लिए राशि की कमी नहीं है। खेल पहले वाला खेल नहीं रहा। आज आज का समय खेल को कैरियर बनाने का है। स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन टाउन हॉल के मैदान में किया गया परंतु इसका समापन नए स्टेडियम में होगा। नए स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। जहां आप सभी खिलाड़ियों को खेल के अवसर मिलेंगे जिसका आप लाभ उठाएं। एसपी ने कहा कि खेल स्वस्थ्य शरीर के लिए जरूरी है। आयोजक को बधाई देता हूं जिसे 23 साल से निरंतर चला रहे है। वही लड़के के साथ साथ बेटियो को भी मौका दिया गया है। एसडीओ ने कहा कि खेल मानव के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। संरक्षक अलख नाथ पांडेय ने कहा कि आप लोग खेल को अनुशासन रूप से खेलते हुए अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे। मौके पर उपाध्यक्ष अशोक दुबे, संजय सोनी, अशोक विश्वकर्मा, पंकज सिंह, चंद्रभूषण सिन्हा, जितेंद्र सिंह, अनिल विश्वकर्मा, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, आशुतोष रंजन, डॉ कुलदेव चौधरी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, पंकज सोनी, मनोज तिवारी, मनोज पाठक, प्रिंस खान, प्रफुल, धीरज सहित सभी स्कूल के खिलाड़ी और कोच शामिल थे।

